बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
संख्या – 01/भू0अ0नि0(3) विविध–11/2021...1427

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी,
बांका/शिवहर/औरंगाबाद/कैमूर/गया/
गोपालगंज/दरभंगा/नवादा/पटना/बक्सर/
भागलपुर/भोजपुर/मधुबनी/मुजफ्फरपुर/रोहतास/
वैशाली/ सुपौल/समस्तीपुर/सारण/सीवान/पूर्वी चम्पारण
बंदोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद,
अरवल, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ,
सीतामढ़ी, सहरसा, मधेपुरा, पं0 चंपारण,
जमुई, शेखपुरा, मुंगेर एवं नालंदा।

पटना, दिनांक :–13-04-2021

विषय :– नवपदस्थापित अमीनों को सॉफ्टवेयर के माध्यम से जिला में योगदान कराने के पश्चात् अंचलों में इनका पदस्थापन करने के संबंध में।

प्रसंग :– आदेश संख्या–1390 दिनांक–09.04.2021, 1401 दिनांक–12.04.2021, 1402 दिनांक–12.04.2021, 1403 दिनांक– 12.04.2021, 1404 दिनांक– 12.04.2021, 1405 दिनांक–12.04.2021 एवं 1406 दिनांक– 12.04.2021

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषयक के संबंध में कहना है कि भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा नवनियोजित अमीनों को आपके जिले के बन्दोबस्त कार्यालय में प्रासंगिक आदेशों के द्वारा पदस्थापित किया गया है। विभागीय स्तर पर लिये गये निर्णय अनुसार जिलों में इन अमीनों को अंचलों में पदस्थापित कर इनसे विशेष सर्वेक्षण व अंचल अमीन का कार्य लिया जाना है।

उक्त के आलोक में कहना है कि इन नवपदस्थापित अमीनों को भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर के माध्यम से जिलों में योगदान कराया जाएगा एवं तत्पश्चात् इन अमीनों की सेवा जिला राजस्व शाखा को सौंपते हुए इन्हें संबंधित अंचलों में जिले के समाहर्त्ता द्वारा पदस्थापित करने की कार्रवाई की जाएगी। अंचलाधिकारियों से प्राप्त अनुपस्थिति विवरणी के आधार पर इन अमीनों को वेतन भुगतान जिले के बंदोबस्त कार्यालया द्वारा किया जाएगा।

सॉफ्टवेयर के माध्यम से इन नवनियोजित अमीनों को जिले में योगदान संबंधी कार्रवाई में कठिनाई होने की स्थिति में ईमेल– itcell.dlrs@gmail.com के द्वारा निदेशालय के तकनीकी विशेषज्ञ से परामर्श प्राप्त किया जा सकता है।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 13/4/21
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2021\Manoj Jha Sir Assistant director\Director\file no - 13.04.2021.doc

ज्ञापांकः 01/भू0अ0नि0(3) विविध–11/2021....1427.... पटना, दिनांक :–13-04-202
प्रतिलिपिः– सभी समाहर्त्ता, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः 01/भू0अ0नि0(3) विविध–11/2021....1427.... पटना, दिनांक :–13-04-2021
प्रतिलिपिः– सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः 01/भू0अ0नि0(3) विविध–11/2021....1427.... पटना, दिनांक :–13-04-2021
प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
13/4/21